दिनांक: 09.09.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा।
- बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और अमेरिकी सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू।
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने झालावाड़ से **''प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान''** का शुभारंभ किया।
- प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश थमने के बाद धूप खिलने से राहत–शाम से बारिश फिर शुरू –अगले चार–पांच दिन पूर्वी जिलों में तेज बरसात का दौर जारी रहने की संभावना।

000

केन्द्र सरकार ने देश के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात घोषणा के मद्‌दे नजर परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा विशेषकर जनस्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया। राज्यों को संदिग्ध और पुष्ट दोनों मामलों की देखरेख के लिए अस्पतालों में आईसोलेशन सुविधाओं तथा आवश्यक लॉजिक्स्टिक्स और

प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता की पहचान करने को भी कहा गया है। स्वास्थ्य कर्मियों विशेषकर चर्म, यौन संचरित बीमारियों के क्लीनिक तथा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के क्लीनिक को स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है। श्री चंद्र ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस स्थिति पर निगरानी रखेगा और राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को हरसंभव सहयोग देगा।

000

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की दूसरी वर्षगांठ पर आज चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से **'नि–क्षय मित्र बनाएं–टीबी हराएं'** अभियान शुरू किया गया। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने पोस्टर का विमोचन कर अभियान की शुरूआत की। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा।

श्रीमती राठौड़ ने प्रदेश में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अर्जित उपलब्धियों की सराहना करते हुए इस कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों को और व्यापक रूप देने के निर्देश दिए। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि अभियान के तहत टीबी उन्मूलन के लिये जन समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से कल ग्राम पंचायतों में सामुदायिक बैठक आयोजित की जाएगी। टीबी रोग के संभावित लक्षणों वाले रोगियों की जांच की जाएगी और अभियान का प्रचार–प्रसार किया जायेगा।

000

बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आज भारत और अमेरिका की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू हुआ। आज सुबह करीब साढे दस बजे परेड समारोह के साथ युद्धाभ्यास का आगाज हुआ। दोनों देशों का ये युद्धाभ्यास

2004 से हर साल आयोजित हो रहा है। इस युद्धाभ्यास में भारत की दक्षिण पश्चिम कमान के 600 और अमेरिका के भी इतने ही जवान हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के जवान मिलकर 15 दिन तक कई युद्ध रणनीतियों का अभ्यास करेंगे।

..........................

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज झालावाड़ जिले के कनवाड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से **''प्रखर राजस्थान रीडिंग अभियान''** का शुभारम्भ किया। इस मौके पर श्री दिलावर ने कहा कि प्रदेश के बच्चों को किताबों को धारा प्रवाह पढ़ना सिखाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश के 65 हजार विद्यालयों के करीब 80 लाख बच्चों से किताबें पढवाई जायेंगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि  अभियान का उद्देश्य पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में किताबें पढ़ने का कौशल विकसित करना है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के उपनिदेशक नादान सिंह गुर्जर ने बताया कि इस अभियान के तहत पुस्तकालय दिवस और हिन्दी दिवस मनाए जाएंगे। वहीं विद्यालयों में कविता और कहानी सुनाने के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से जयपुर में आज से सामुदायिक रेडियो जागरूकता कार्यशाला शुरू हुई।दो दिन की कार्यशाला के उद्घाटन में पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक जयपुर रीजन ऋतु शुक्ला उपस्थित रहीं। सीकिंग मॉडर्न एप्लीकेशन फॉर रियल ट्रांसफॉर्मेशन संस्था के

सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के गैर सरकारी संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। मंत्रालय के अतिरिक्त निदेशक गौरीशंकर केशरवानी ने बताया कि समुदाय के विकास में सामुदायिक रेडियो का महत्वपूर्ण स्थान है और इस बारे में विभिन्न हितधारकों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

..................

000

..............

प्रदेश में पिछले कई दिनों से जारी तेज बारिश से आज राहत मिली है। हालांकि कुछ जिलों में आज भी हल्की ओर मध्यम वर्षा हुई है। कई जिलों में मौसम साफ होने से आज सूर्य के दर्शन हुए, जिससे लोगों को राहत मिली, लेकिन शाम होते–होते जयपुर, सवाईमाधोपुर सहित कई जगह फिर बारिश हुई। कई जिलों में पिछले दिनों हुई बारिश से जल भराव की स्थिति बनी हुई है। अजमेर के निचले इलाकों में अभी भी पानी भरा है और प्रशासन जल निकासी के लिए प्रयास कर रहा है।

.....................

दौसा में तीन दिन बाद आज बाारिश का सिलसिला थम गया लेकिन बांधों में लगातार पानी की आवक जारी है। करौली में पांचना बांध से 2 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। सलूम्बर जिले में एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से नदी, नाले और तालाब में पानी की आवक हो रही है। केकड़ी जिले में अतिवृष्टि के चलते खरीफ सीजन की फसलें बर्बाद हो गई हैं। डीग में मॉनसून सीजन में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण आम

जनजीवन प्रभावित हुआ है। हालांकि आज बरसात थमने से नागरिकों को राहत मिली है। जयपुर के कुछ इलाकों में आज हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि आज कोटा, उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, भरतपुर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश और कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले चार–पांच दिन पूर्वी जिलों में अभी भी मध्यम से भारी बरसात के आसार हैं।

.....................

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन कर देश–प्रदेश में अमन, चैन और खुशहाली की कामना की। लोकसभा अध्यक्ष ने लोकदेवता बाबा रामदेव की विशेष पूजा अर्चना की। बाबा की समाधि पहुंचने पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने श्री बिरला का स्वागत किया और उन्हें बाबा रामदेव की प्रतिमा भेंट की।

000

सरिस्का स्थित पांडुपोल हनुमान मन्दिर में आज से मेला शुरू हुआ। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य के वन तथा पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मेले का शुभारंभ किया। तीन दिन के इस मेले में लाखों लोग दर्शन के लिये आयेंगे। मेला क्षेत्र में जंगल और पानी के भराव वाले क्षेत्र में लोगों के जाने पर रोक लगाई गई है। मेले में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए समाजसेवी संस्थाओं की ओर से प्याऊ औऱ भंडारे का आयोजन किया गया है।

000

धौलपुर जिले में कौमी एकता के प्रतीक मचकुण्ड तीर्थ में आज देव छठ के मौके पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ा। हमारे धौलपुर संवाददाता ने बताया कि मचकुण्ड तीर्थ पर उर्स और लंगर के आयोजन साम्प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

.....................

000